## खबर संक्षेप

### वरुण राजपूत ने बढ़ाया राजपूत समाज का गौरव



**छिंदवाड़ा।** फर्स्ट स्टेप सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल छिंदवाडा में कक्षा बायो संकाय के होनहार विद्यार्थी छिंदवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार राजपूत बडे बेटे वरुण राजपूत ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं राजपूत समाज को गौरवान्वित किया। उन्होंने आपनी सफलता का श्रेय पूरी विनम्रता के साथ अपने गुरुजनों एंव माता पिता को समर्पित किया। वरुण की इस दिलखुश उपलब्धी पर स्वजनों मित्रों एवं परिजनों ने वरुण को आत्मीय शुभाशीष देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### किरदार संस्थान सिखाएगा अभिनय के गुर

**छिंदवाड़ा।** किरदार संस्थान जिले की युवा प्रतिभागियों को निखारने के लिए 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला हेतु आज ऑडिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के ऑडिशन का पंजीयन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। किरदार संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन नेमा ने बताया कि ऑडिशन हेतु संस्थान द्वारा निशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी ऑडिशन स्थल पर अथवा मोबाइल नंबर 7974366630 , 7000862500 पर पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन उपरांत आज दिनांक 15 मई को दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक स्थानीय डॉ. खरे पंचकर्म सेंटर, बड़वन, छिंदवाड़ा मे ऑडिशन लिए जायेंगे। संस्था के अध्यक्ष सचिव ऋषभ स्थापक ने बताया गया कि ऑडिशन के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को किरदार संस्थान द्वारा 16 मई से 21 दिवस तक लेखन एवं अभिनय क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियो मे पारंगत किया जावेगा तथा उनकी कला को निखारा जावेगा। इस कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को नाट्य संगीत, फेस एक्सप्रेशन, वॉयस माड्यूलेशन, डॉयलॉग डिलेवरी, मास्क मेकिंग, थियेटर गेम्स, बॉडी मूवमेंट, पब्लिक परफॉर्मेंस एवं शॉर्ट फिल्म मेकिंग इंट्रो आदि से परिचित कराया जाएगा।

### पंचलाल परतेती की शिकायत पर रोहित मालवी 12 हजार लेते पकड़े गए

# रिश्वत से हाथ हुए लाल, लोकायुक्त की गिरफ्त में फंसा पटवारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जबलपुर की लोकायुक्त की टीम ने पटवारी रोहित मालवी को 12 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इंस्पेक्टर नरेश बड़ा के साथियों ने मिलकर पटवारी की विरूद्ध की भ्रष्टाचार निवारण अधिनयम के तहत कार्यवाही की। यूं तो हर दिन ही पटवारी रिश्वत के हजारों रूपए लेकर घर जाते है और महीनों या सालों में कोई एकाध ही पटवारी ही गिरफ्त में आता है। अगर पटवारियों की संपत्ति की जांच हो, इन पर पैनी निगाहे रखी जाएं तो सैकडों आम आदमी भ्रष्टाचार की बलि चढ़ने से बच सकते है। दरअसल मंगलवार का मामला इन्हीं बातों की ओर इशारा करता है कि छिंदवाड़ा के पटवारी दबाकर माल कमा रहे है। एसडीएम कार्यालय के पास पटवारी भवन छिंदवाड़ा में नक्शा दुरस्त कराने के नाम पर 12000 की रिश्वत लेते लोकायुक्त की टीम ने पटवारी रोहित मालवी को रंगे हाथों दबोचा है पटवारी के पास से नगद जप्त कर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है जानकारी अनुसार आवेदक जमुनिया झिरी निवासी पांच लाल परतेती को नक्शा दुरस्त करवाना था जिसके एवज में पटवारी रोहित मालवी ने 12000 की मांग की थी इस बात से परेशान आवेदक ने जबलपुर लोकायुक्त में लिखित शिकायत की थी लोकायुक्त ने मामले की जांच करते हुए आज पटवारी भवन छिंदवाड़ा में पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत 12000 लेते हुए दबोच लिया रिश्वत में लिए गए नोट के बाद पटवारी के हाथ धुलाई गए जिससे पानी का रंग गुलाबी हो गया। ट्रैप दल में इंस्पेक्टर कमल सिंह, इंस्पेक्टर नरेश बहरा एवं लोकायुक्त निरीक्षक एवं ट्रैप दल के अन्य सदस्य शामिल रहे। तहसील कार्यालय में कार्यवाही अभी जारी है।

### 25 गवाहों का कराया गया परीक्षण

# हर्रई कॉलेज कांड के आरोपी हुए दोष मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

शिकायतकर्ता अंशु सोनी (पूर्व अध्यक्ष एन एस यूआई हर्रई) द्वारा दिनांक 12/ 10/ 2020 को पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को शिकायत की गई थी की शासकीय महाविद्यालय हर्रई में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अगस्त/ सितंबर 2020 में कई छात्रों के फॉर्म निरस्त किए गए तथा फॉर्म निरस्त करने के लिए एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग किया गया है। शिकायत की जांच पर शासकीय महाविद्यालय हर्रई के लैब अटेंडेंट महेंद्र मरकाम और साईं समर्थ कॉलेज के संचालक राजेश साहू के विरुद्ध धारा 419, 465, 468, 120 बी भारतीय दंड विधान एवं धारा 66 सी एवं 66 डी आई टी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इस बहुचर्चित मामले में अभियोजन की ओर से अंशु सोनी, निलेश इवनति ,लामू काशिया असिस्टेंट प्रोफेसर शासकीय महाविद्यालय हर्रई, राम डॉले, विजय डॉले, सुनील कुमार प्रजापति (प्रयोगशाला तकनीशियन) शशिकांत यादव( प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय हर्रई), वासु साहू, द्रौपदी यादव, आशीष कुमार जैन, शिवम गिरी, राहुल गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, राजकुमार यादव (सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय हर्रई), आकांक्षा यादव, अबरार अंसारी, महारसी धुर्वे ,आरक्षक भूपेंद्र शर्मा, आरक्षक कमलेश चौधरी, आरक्षक अभिषेक सनोदिया, कौशल सूर्या (नगर निरीक्षक) डॉक्टर धीरेंद्र शुक्ला (विशेष कर्तव्य अधिकारी), आदित्य रघुवंशी (आरक्षक साइबर सेल), संतोष डेहरिया (एस डीओ पी) सतीश बड़ोलिया (परीक्षक फॉरेंसिक लैब मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल) सहित कुल 25 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से पर भी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र कुमार नेमा अमरवाड़ा, जूनियर अधिवक्ता प्रकाश वर्मा, डी सी चंद्रवंशी, दुर्गेश वर्मा ,सुभाष वर्मा द्वारा आरोपीगण की ओर से लिखित स्पष्टीकरण और अंतिम तर्क प्रस्तुत किए गए। न्यायालय माननीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री संदीप पाटिल अमरवाड़ा द्वारा बचाव पक्ष की दलीलों से सहमत होते हुए आरोपी गणों को दोष मुक्त किया गया। इस दौरान आरोपी गणों के परिजन न्यायालय में उपस्थित थे उन्होंने न्याय प्राप्त होने पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि शासन विरुद्ध राजेश वगैरा, एस टी क्रमांक 2 / 2021 का विचारण लगभग 4 साल चला, हर्रई महाविद्यालय लगभग 375 छात्रों के भविष्य से जुड़ा होने के कारण यह प्रकरण काफी चर्चित था जिसमें आज माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी गण को दोष मुक्त कर प्रकरण समाप्त कर दिया गया।

# आंधी-तूफान से हुआ लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

सोमवार को चली आंधी तूफान के चलते छिंदा के पंडित मुक्तानंद शर्मा ऊर्फ बबलू महाराज को लाखों का नुकसान हुआ । इनके गौशाला ग्राम पलटवाड़ा में स्थित मकान में काफी क्षति पहुंची है । मकान में लगा टिन शेड , पाइप , सीमेंट की दीवार , भूसा , स्कूटी आदि क्षतिग्रस्त हो गए । जिससे डेढ़.से दो लाख रुपए का आर्थिक नुकसान होना बताया जा रहा है । बता दें , कि पिछले दो दिनों से आंधी तूफान और पानी के चलते लगभग हर वर्ग के लोगों को



नुकसान हो रहा है । कई बड़े - बड़े पेड़.गिरने की भी खबरें सामने आ रही है ।

## जल कलश यात्रा के साथ हुआ शिव महापुराण कथा का श्री गणेश

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के भुराभगत मंदिर परिसर मे शिव महापुराण, शिव परिवार की कथा एवं प्राण-प्रतिष्ठा मे प्रथम दिन धूमधाम से ग्राम में जल कलश यात्रा निकल गई जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुषों के साथ बच्चों ने अपनी भागीदारी दी जल कलश यात्रा का ग्राम भ्रमण उपरांत कथा स्थल पर पूजन अर्चन कर मंडप प्रवेश कराया गया इसके पश्चात



विधि विधान से पूजन अर्चन का कार्य किया गया। पूजन अर्चन पश्चात शिव महापुराण कथा मे कथा व्यास पंडित विनय कृष्ण शास्त्री ने बताया कि शिव महापुराण महात्म एवं पापी मनुष्य इस कथा को सुनकर शिवधाम को प्राप्त करता है। आगे उन्होंने कहा कि शिव की महिमा भगवान भोलेनाथ काल को बस मे करने वाले होते हैं वे मानव को जीवन मरण से तार देते हैं। कथा के दौरान पूजन, मंत्रोच्चारण पंडित मनीष महाराज, पंडित पंकज महाराज, पंडित प्रीतम महाराज, पंडित लक्ष्मण महाराज ने संपन्न किया। प्रथम दिवस बड़ी संख्या में ग्रामीण कथा का श्रवण करने उपस्थित हुए।

## क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि अपूर्ण एवं बाढ़ व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत का कार्य संबंधित सभी सीईओ जनपद पंचायत शीघ्र पूर्ण कराएं। आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ



बिना अनुमति तलघर बनाने वालों और उनका कमर्शियल उपयोग करने वालों को नोटिस जारी कर उन पर नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही करें। दमुआ में हॉस्पिटल की बाउंड्रीवॉल निर्माण में आ रही बाधा का निराकरण सख्ती से करवाएं। सरोठ जलाशय से मोहखेड़ के लगभग 30 गांव में पानी सप्लाई होता है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से पंप लगाकर बिना अनुमति पानी लिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को पानी प्रदाय में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार मोहखेड़ ऐसे लोगों पर प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्यवाही करें। विद्युत मंडल के अधीक्षण अभियंता भी अवैध मोटर पंप संचालन पर विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही करें। एसडीएम परासिया एसडीएम कार्यालय निर्माण के लिए पी.आई.यू. को जगह चिन्हित कर उपलब्ध कराएं। जल संसाधन विभाग दूधी प्रोजेक्ट के संबंध में पूर्व में हो चुके आदेशों का अमल कराएं। रिकार्ड भी उसी अनुरूप अपडेट रखें। सभी एसडीएम एवं तहसीलदार जिले में गर्भवती माताओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की मॉनिटरिंग स्वयं भी करें और एएनसी पंजीयन बढ़ाएं। यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है, विगत माह में मातृ शिशु मृत्यु के एक भी प्रकरण का न आना इस अभियान की बड़ी उपलब्धि है।

# ट्रांसफार्मर के मेंटेनेंस कार्य में कमी, बिजली विभाग की उदासीनता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई विधानसभा के ग्राम चीजगांव के खेत में लगे ट्रांसफॉर्म के मेंटेनेंस में कमी दिखाई दी किसानों ने बार-बार बिजली विभाग से संपर्क किया फिर भी ट्रांसफार्म की पूर्ण रूप से मरम्मत नहीं की गई ट्रांसफॉर्मर से निकलने वाले कनेक्शन के तार को एक लकड़ी लगाकर टांगा गया है किसानों का कहना है कि यदि लकड़ी टूट जाती है तो करंट के वायर आपस में टकरा जाएंगे जिससे ट्रांसफॉर्म को छती भी पहुंच सकती है वही ट्रांसफॉर्म के पास में एक बिजली का खंबा भी ऊपर से टूट कर नीचे लटक गया है खंबे को बदलने की आवश्यकता है खंभे से जो तार दूसरे खंभे तक गए हैं वह भी नीचे की ओर लटक रहे हैं जिससे नीचे से आने-जाने वाले ट्रैक्टर वगैरा फस जाते हैं हद तो तब हो गई जब किसान का परमानेंट कनेक्शन को भी डायरेक्ट तार में लटका दिया गया बिजली विभाग का ओर ध्यान ही नहीं जाता।

# केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने सीबीएसई की परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा







पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा ने कक्षा 12वीं में 97.78 एवं कक्षा दसवीं में 99.14 प्रतिशत परिणाम देकर पुनः इतिहास रचा आज सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा बारहवीं के परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा ने विज्ञान संकाय में 40 में से 38 वाणिज्य संख्या में 26 में से 17 और मानविकी संकाय में 25 में से 20 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 97.78 प्रतिशत रहा जिसमें विद्यालय के चंद्रदीप पवार विज्ञान संकाय में 93% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, जबकि समृद्धि यादव वाणिज्य संका्य में 89.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं एवं वैष्णवी डेहरिया मानविकी संका्य में 82.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही. वहीं सीबीएसई द्वारा घोषित विद्यालय की कक्षा दसवीं का परिणाम 99.14 प्रतिशत रहा. विद्यालय के 116 में से 84 बच्चों ने नया कीर्तिमान रचते हुए प्रथम श्रेणी अर्जित की. विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा आफिया अनम खान 92.8% अंकों के साथ प्रथम, प्रयास बघेल 92. 6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं महक मंडराह 92. 2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहीं. विद्यालय प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पार्षदों ने कलेक्टर से की शराब दुकान हटाने की मांग

### नगरपालिका के सभापति ने सौंपा शराब दुकान हटाने के लिए ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर के छिंदवाड़ा मार्ग एवं रंगारी शॉपर में लगने वाली शराब दुकान को लेकर विरोध के स्वर पनपते जा रहे हैं।छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों के द्वारा शराब दुकान के स्थानांतरण की मांग के साथ-साथ अब राजनीतिक दलों के नेता भी इस मुद्दे से जुड़ने जा रहे हैं।

छिंदवाड़ा मार्ग पर छात्रावास स्कूल महाविद्यालय अस्पताल के मार्ग पर पाला की शराब दुकान हटाने को लेकर मंगलवार को सौसर नगर पालिका परिषद सभापति वार्ड नं 14 के पार्षद प्रशांत ठाकरे, जिला कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व डायरेक्टर रामकृष्ण वाकोड़े ने पांढुर्णा जिला मुख्यालय पर पहुंचकर कलेक्टर से चर्चा कर ज्ञापन सोपते हुए शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

ज्ञापन में नपा सभापति श्री ठाकरे ने बताया की सौसर वार्ड 14 छिंदवाड़ा रोड़ लगे नवीन शराब की दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग नगर वासियों छात्र-छात्राओं महिलाओं एवं स्वयंसेवक संस्थाओं के द्वारा की जा रही है।

बावजूद इसके प्रशासन के अधिकारी ईस ध्यान नहीं दे रहे हैं। शराब दुकान हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। शराब दुकान से स्कूल कॉलेज जिनिंग अस्पताल छात्रावास आदि लगे हुए हैं। जिसके चलते यहां आने वाले लोगों छात्र-छात्राये महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। शराब दुकान यहां पर खुलने के बाद में रात दिन शराबियों की यहां पर धमा चौकड़ी विवाद उत्पन्न हो रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिन



**छिंदवाड़ा।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिन समारोह को धूमधाम से समस्त साधकों ने मनाया । उक्ताशय की जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग की डिसट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता चड्ढा एवं जोन कोऑर्डिनेटर मनीष शर्मा ने देते हुये बताया कि श्री श्री रविशंकर जी के जन्मोत्सव पर सेवा प्रोजेक्ट के साथ पूरे सप्ताह भर साधकों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें मेघा फॉलोउप गांधीगंज दीनदयाल रसोई में भोजन प्रसाद की व्यवस्था की साथ ही गुरुदेव के जन्मदिन पर बेंगलुरु आश्रम से पधारे सुमेर संध्या सिंगर आदित्य तिवारी एवं मनस्वी शर्मा द्वारा अपने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी । जिसमें शहर के सैकड़ो साधक उपस्थित हुए और श्री श्री जी के जन्मोत्सव पर यह संकल्प लिया कि आने वाले सावन माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती दीप्ति शर्मा, रंजना टांडेकर, बृजेश काली पवार, रमेश मिगलानी, नंदकिशोर तिवारी, कृष्णकांत राजपूत, सुरेश पवार, राम सोनी, लवली चड्ढा एवं छिंदवाड़ा के समस्त साधकों का विशेष सहयोग रहा ।

### अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन भी किया खनिज सहित राजसात

# रेत का अवैध परिवहन करने पर 72 हजार 500 रूपये का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में अनावेदक वाहन चालक/उल्लंघनकर्ता अजय पाल पिता श्री गोंडू बट्टी निवासी वार्ड नंबर-5 कपरवाड़ी थाना कुण्डीपुरा जिला छिंदवाड़ा के द्वारा म.प्र.खनिज ( अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अनुसार रेत का अवैध परिवहन करने और अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर प्रावधान अनुसार अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 72,500 रुपए अधिरोपित की गई है।



साथ ही अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन को खनिज सहित राजसात किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत प्रकरण में पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के प्रतिवेदन के अनुसार थाना उमरेठ के अपराध क्रमांक 123/2021 में जप्तशुदा वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 28 एए-5403 मय ट्रॉली अनावेदक वाहन चालक/उल्लंघनकर्ता अजय पाल के द्वारा 3 घनमीटर खनि रेत का अवैध परिवहन किया जाना पाये जाने के फलस्वरूप इस वाहन को जप्त करते हुये सुरक्षार्थ थाना उमरेठ में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है । प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, खनिज अधिकारी और खनि निरीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अनावेदक द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं संलग्न दस्तावेजों का सूक्ष्मता परिशीलन एवं अवलोकन करने के उपरांत म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अध्याय 5 नियम 19 के अनुसार अनावेदक अजय पाल द्वारा रेत खनिज का अवैध परिवहन पाये जाने पर नियमानुसार 11250 रुपए की अर्थशास्ति, 25000 रुपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति, 1000 रुपए की प्रशमन राशि को मिलाकर कुल शास्ति मय प्रशमन शुल्क 36250 रूपये अधिरोपित करने हेतु प्रस्तावित किया गया।

लेकिन अनावेदक द्वारा प्रशमन स्वीकार नहीं किए जाने के कारण नियम के प्रावधान अनुसार अर्थशास्ति एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के कुल योग 36250 रुपए की दुगुना राशि 72500 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही नियम के अध्याय 5 नियम 19 (5) के प्रावधानों के अनुसार वाहन क्रमांक एमपी 28 एए- 5403 को शासन के हित में खनिज सहित राजसात करने के आदेश भी पारित किये गये हैं । उन्होंने खनि अधिकारी को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार वाहन का पंजीयन निरस्त करने, शास्ति की राशि निर्धारित मद में शासन के पक्ष में जमा कराई जाने की अग्रिम कार्यवाही करने और आरोपित शास्ति की राशि की प्रविष्टि अर्थदण्ड पंजी में कराये जाने के निर्देश दिये हैं । साथ ही निर्धारित प्रावधानों के अनुसार राजसात वाहन और जप्तशुदा खनिज को पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के अंतर्गत नीलाम करने और अपील अवधि के बाद नियमानुसार नीलामी की जाकर नीलामी से प्राप्त राशि शासन के निर्धारित मद में चालान द्वारा जमा किये जाने के आदेश भी पारित किये गये हैं ।

## जिले की 29 बुक, स्टोर्स और 7 गणवेश की दुकानें हुई शामिल

# पुस्तक एवं गणवेश के तीन दिवसीय मेले का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

11 मई से 13 मई तक,शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लाने के उद्देश्य जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त तत्वाधान में छिंदवाड़ा के महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया गया,जिसमें जिले भर की 29 बुक स्टोर एवं सात गणवेश की दुकाने ने स्टॉल लगाकर 30 से 50% छूट देकर विद्यार्थियों और पालकों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था और एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। जिला प्रशासन ने पहली बार ,जिले भर के पुस्तक और गणेश विक्रेताओं एक साथ स्टॉल लगाकर नया प्रयोग किया है ,जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। जिला



कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और जिला शिक्षा शिक्षा अधिकारियों ने विक्रेताओं ओर खरीदारों से मिलकर,चर्चा कर शिक्षा व्यवस्था में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन भी लिए गए हैं। *पुस्तक और गणवेश खरीदी में कोई बुक स्टोर्स का बंधन नहीं- प्राइवेट या शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी को किसी एक या दो दुकान से पुस्तक खरीदी का बंधन नहीं रहेगा,अब विद्यार्थी जिले की किसी भी ,बुक स्टोर्स में पहुंचकर पुस्तक खरीद सकते हैं।इसी प्रकार गणवेश खरीदी को लेकर ब्लॉक स्तर की चिन्हित |दुकानों, का प्रतिबंध हटाकर अब विद्यार्थी ,किसी भी दुकान से अपनी गणवेश खरीदी कर सकते हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित में किया जा रहा यह प्रयोग वास्तविक रूप से जिले के विद्यार्थियों के लिए मददगार साबित होगी। महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में लगाया गया। पुस्तक और गणवेश वितरण मेले में हजारों की संख्या में विद्यार्थियों और पालकों ने पहुंचकर खरीदी की है। परासिया के बीआर सी श्याम सिंह गुन्हारे ने बताया , कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों के हित में यह मेला लगाया गया है, इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों और पालकों के द्वारा शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने को लेकरआवेदन लिए गए हैं, प्राप्त आवेदनों के अनुसार आगामी समय शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा सकेगा।पुस्तकों और कापियों में छूट मिलने से विद्यार्थियों को फायदा होगा । वहीं पुस्तक और गणवेश खरीदी में किसी चिन्हित दुकान पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा ।

### सर्वोत्तम बुक स्टोर्स परासिया पुस्तक मेले में शामिल

जिले भर की 29 बुक स्टोर्स में से परासिया तहसील स्तर की सर्वोत्तम बुक स्टोर भी इस मेले में शामिल होकर भारी छूट में ,पुस्तक और कॉपियां का विक्रय किया गया है ,बुक स्टोर के संचालक संदेश पटोरिया ने बताया कि हमारे बुक स्टोर का स्टाल लगाया गया था जिसमें पुस्तकों और कापियों में 30 से 50 % की छूट दी गई है ,हर पुस्तकों और कॉपी खरीदी में पेन दिया जा रहा है,एक पेन खरीदी के साथ दूसरा पेन फ्री दिया जा रहा है । श्री पटोरिया ने बताया , कि तीन दिवसीय इस मेलै में उन्होंने लगभग 50000 की पुस्तक का विक्रय किया है ।उन्होंने बताया , कि उनके बुक स्टोर्स में कापियों और पुस्तकों में विशेष छूट भी आगामी समय दी जाती रहेगी । संदेश पटोरिया नेअपनी बुक स्टोर्स में बिकने वाली कॉर्पियो में जिले कै पर्यटन स्थलों को कापियों मे कबर पेज में ,जिले के पर्यटन स्थल,को प्रकाशित हैं जिसमें मुआरी खदान ,माचगोरा डैम ,क्वीन ऑफ़ हिल्स पचमढ़ी,बादल भोई संग्रहालय शामिल है ।इसके अलावा पुस्तकों कै कबर पेज में भारत देश कै महापुरुषों स्वतंत्रता सेनानियों की भी फोटो प्रकाशित की गई है । पुस्तक ,मैले कि खबर को प्रकाशित करने पहुंचे परासिया कै पत्रकारों ने शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार लाने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को समस्या निवारण मैं जाकर ,एक सुझाव दिया है जिसमें कहा गया है कि हर,बर्ष पुस्तकों,को ना बदली जाए।इसके अलावा अन्य सुझाव दिए गए ,इस संबंध में अधिकारियों ने उक्त समस्या कै निराकरण के लिए शिक्षा विभाग से चर्चा और विचार विमर्श करने का आश्वासन दिया। पुस्तक मेले में आए विद्यार्थियों और पलकों ने अनेक समस्याएं, शिक्षा विभाग को अवगत कराया है । यह भी मांग की गई है , कि यह पुस्तक मेला ब्लॉक स्तर पर भी लगाऐ जिसमें स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी पुस्तकों में छूट और अन्य गतिविधियों की जानकारी मिल सके ।

## शादी में दिया समिति ने बेटी का मन पसंद उपहार

दमुआ। लायंस सेवा समिति दमुआ की ओर से गरीब बेटी के परिवार द्वारा बेटी के दहेज में बेटी की मन पसंद आलमारी देने में असमर्थ परिवार ने लायंस सेवा समिति दमुआ से आग्रह किया समिति ने अतिशीघ्र निर्णय लिया क्यों न बेटी को उसके मन पसंद उपहार भेंट किया जाय समिति अध्यक्ष रविशंकर साहू, उपाध्यक्ष डॉ आर के विश्वकर्मा, सचिव ब्रजलाल प्रजापति, सदस्य मदन कुमार सोनी कमलाकंर ज्वेलर्स, सुरेन्द्र कथुरिया आस्था ज्वेलर्स, हरीश अरोरा अरोरा किराना, श्रीमति माला सोनी समिति सदस्या के विशेष सहयोग से बेटी को मनपसंद उपहार भेंट किया। बेटी उपहार पाकर बहुत खुश हुई तथा परिवार ने समिति को दिल से दुआ व धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।

## रेत, ओवरलोड परिवहन को लेकर दिया धरना, सोपान कोहले ने सौंपा प्रशासन को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम संगम,सांवगा ओर काजलवाणी से रेत उत्खनन को लेकर सोमवार को कांग्रेस नेता सोपान कोहले ने समर्थकों के साथ सौसर तहसील कार्यालय में पहुंचकर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए सौसर प्रशासन से अवैध रेत उत्खनन ओवरलोड डम्परो पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा।तहसीलदार भावना मलगाम को सोपेज्ञापन में कांग्रेस नेता श्री कोहले ने बतायाकि औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर औवर लोड परिवहन के कारण सड़क खराब हो रही है। प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन नही रोका गया तो ग्रामीणों के साथ होगा डम्पर रोको आंदोलन किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र के नदियों से रेत उत्खनन कर पर्यावरन को क्षति पहुंचाई जा रही है। वही ओवरलोड परिवहन से ग्रामीन क्षेत्र की सडके खराब हो रही है। प्रशासन ने अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन पर रोक लगानी चाहिए। अन्यथा ग्राम वासियों को लेकर प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा उपस्थित थे।

## खेड़ी जसोदा के ग्रामीणों की समस्या का नहीं हो रहा समाधान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौसर

सोमवार को ग्राम खेड़ी जसोदा कृषि क्षेत्र के किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर सौसर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन सोपने आए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में विगत 6 माह पूर्व से ग्राम खेड़ी जसोदा कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले चौबे एवम टेकाडे फील्ड की बिजली डीपी खराब है। यहां ना तो विभाग द्वारा इसका मेंटेनेंस किया जाता है।और ना ही सुधार किया जा रहा है। सिंचाई हेतु बिजली ना होने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है, संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित तथा मौखिक शिकायत करने के बावजूद भी किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। हाल हीबेरडी बिजली विभाग के जेई को शिकायत करने के बावजूद आज तक कोई समाधान नही किया गया है। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किसानों की समस्या का समाधान नहीं करने के चलते किसान बेहद परेशान है।

## सीएम राइज स्कूल के समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौसर

सोमवार शासकीय सी एम राईज उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में समर कैंप क्रिएटिव वर्ल्ड सीजन 2 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक संचालक विकासखंड सौसर मदनलाल गोरले के द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शैलजा बत्रा ने की।कैंपस 1 से दिव्या मोहोड एवं कैंपस 2 से रविशंकर पाटील के द्वारा प्रतिवेदन पढ़ा गया। इस 12 दिवसीय समर कैंप का आरंभ 1 मई से हुआ था। जिसमें 190 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। कैंप में मार्शल आर्ट, पर्सनल ग्रुमिंग, स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित ,डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी ,मोती क्राफ्ट, सलाद सज्जा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्रीमती बत्रा ने इस कैंप के महत्व को समझाते हुए दैनिक जीवन में आचरण में लाने हेतु



प्रोत्साहित किया। सहायक संचालक मदनलाल गौरले द्वारा अभी बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया।समर कैंप में सम्मिलित विद्यार्थियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराधा परिहार आभार चारु सालोटकर ने किया।उप प्राचार्य संजय गवनेकर प्रधान पाठक कमलाकर रुंघे , प्रधान पाठक वैशाली कोरडे , समर कैंप प्रभारी कल्पना मानकर, भारती रोकड़े ,डिंपल गावंडे, शुभम हेड़ाउ ,सुनील भूसांडे,हितेश गणोरकर, सुभाष कलंबे, संध्या झरारिया ,संजय पडोले, दिनेश्वर गौतम, गणेश अढाऊ, आदि थे।

## शराबी पुत्र ने पीट-पीटकर वृद्ध पिता की कर दी हत्या

### आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार, ग्राम तुमसर का मामला



हरिभूमि न्यूज कटंगी। बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम तुमसर में एक शराबी पुत्र ने अपने वृद्ध पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी. इस पूरी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर पर ही रहा. वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जिसने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया. वहीं शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम करने के बाद शव रिश्तेदारों को सौंप दिया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम ग्राम तुमसर में शराबी पुत्र राजेश मानेश्वर ने अपने वृद्ध पिता सीताराम मानेश्वर की पीट-पीटकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि आरोपी शख्स शराब पीने का आदी था. वह अक्सर शराब पीने को लेकर घर और मोहल्ले में गाली-गलौज करता रहता था. जिसके चलते आरोपी से उसका पूरा परिवार दूर रहता था. करीब दो माह पहले ही आरोपी का पिता उसके पास आया था. सोमवार की शाम करीब 04 से 05 बजे के बीच शख्स ने अपने पिता की लाठी से जमकर पिटाई की. जिससे उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना सोमवार की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच की है. इस पूरी वारदात को अंजाम देने के बाद भी शराबी पुत्र मौके से कहीं नहीं भागा बल्कि घर पर ही सोया रहा. वहीं गांव के कुछ लोगों ने मारपीट के बाद घायल वृद्ध को देखा तो वह मर चुका था. जिसकी सूचना स्थानीय जनों ने पुलिस को दी. पुलिस देर शाम मौके पर पहुंची और सबसे पहले आरोपी पुत्र का गिरफ्तार किया. इसके बाद पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को बरामद कर पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. मंगलवार की दोपहर में मृतक का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## उजाड़बोपली निर्माणाधीन पुल का पूर्व सांसद ने किया निरीक्षण

# अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी, मौके पर नहीं मिला कोई विभागीय कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी से लालबर्रा रोड़ पर उजाड़बोपली में चंदन नदी पर निर्माणाधीन बाक्स क्लवर्ट पुलिया के निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की लगातार मिल रही शिकायतों और पेटी कान्ट्रेक्टर के द्वारा पुल निर्माण के द्वारा मिट्टी बेचे जाने की शिकायतें मिलने पर भाजपा नेता पूर्व सांसद के.डी.देशमुख ने पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान शिकायतकर्ता पूर्व जनपद सदस्य राजेश ठाकरे भी उनके साथ मौजूद रहे. जिन्होंने पूर्व सांसद को निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. पूर्व सांसद जब पुल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो निर्माण कार्य स्थल पर संबंधित निर्माण एजेंसी और विभाग का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था. मजदूर पुल निर्माण कार्य करते हुए नजर आए. इस पर पूर्व सांसद ने कहा कि इस तरह से बिना किसी जवाबदार व्यक्ति के निर्माण कार्य का किया जाना घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है. पूर्व सांसद अपने साथ रेत को सैंपल लेकर गए है ताकि जांच कर उसकी गुणवत्ता के बारे में पता लगाया जा सके. पूर्व सांसद ने कहा कि पुल निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से करेंगे. यह पुल दर्जनों गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा है. इस पुल के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. ठेकेदार हो या पेटी कांट्रेक्टर उसे अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए. मगर, जैसा आज निर्माण स्थल पर देखने में आया उससे तो यही लग रहा कि निर्माण एजेंसी को विभागीय अधिकारियों का कोई डर नहीं और विभागीय अधिकारियों को काम से कोई लेना देना ही नहीं।



उल्लेखनीय है कि उजाड़बोपली में बाक्स क्लवर्ट पुल का निर्माण करीब साढ़े 03 करोड़ रुपए की लागत से होना है. इस पुल के निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स बैनगंगा ब्रिक्स बालाघाट को मिला है किंतु एजेंसी ने पेटी कांट्रेक्टर को काम की जिम्मेदारी दी है. अब पेटी कांट्रेक्टर अपनी मनमानी कर रहा है. निर्माण में घटिया रेत और अन्य मटेरियल का उपयोग करने से के साथ मिट्टी बेच रहा है. इसके अलावा निर्माण कार्य स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है. निर्माण स्थल पर जगह-जगह बिजली के खुले तार बिछे हुए है. जिससे किसी भी दिन यहां हादसा हो सकता है. पुल के निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग होने को लेकर भाजपा नेता राजेश ठाकरे ने अधिकारियों से शिकायत की. किंतु विभागीय अधिकारियों ने पेटी कांट्रेक्टर को संरक्षण दे रखा है. वह पेटी कांट्रेक्टर की मनमानी पर चुप्पी साधे बैठे हुए है. अब पूर्व सांसद के.डी.देशमुख को लगातार मिलने वाली शिकायतों के बाद निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करने के लिए आना पड़ा. उन्होंने निर्माण स्थल की हालत देखी तो वह स्वयं भी हैरान हो गए।

## विश्व योग दिवस की तैयारियों के संबंध में योग साधकों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



गांधी बाल उद्यान वारासिवनी में सोमवार 13 मई को वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा दैनिक योग अभ्यास के साथ ही समस्त योग साधकों के रक्त चाप, रक्त शर्करा एवम् नाड़ी की गति का परीक्षण योग शिक्षक के के कठौते द्वारा उपलब्ध इलेक्ट्रानिक मशीन से किया गया।

योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी, प्रणय श्रीवास्तव अश्क, प्रदीप खंडेलवाल, मनोहर सिंह ठाकुर, श्री राखडे, श्री वैश्य, कन्हैया चौहान,

ओमप्रकाश पटले सभी ने रक्त परीक्षण करवाया। आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के आयोजन के संबंध में विचार करते हुए कुछ आवश्यक चर्चा भी की गई साथ ही 1 जून 2024 को भेजेंद्र चौधरी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम प्रातः काल आयोजित करने के संबंध में विचार किया गया। संभावित स्थल टिहली बाई शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण होगा। मौसम को देखते हुए अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पतंजलि योग पीठ समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि किसान समिति, पतंजलि महिला योग समिति, पतंजलि युवा समिति वारासिवनी से जुड़े समस्त योग साधक 1 जून 2024 को प्रातः 6 बजे से अवश्य ही निर्धारित स्थल पर पधारेंगे अंतिम निर्णय भेजेंद्र चौधरी योगाचार्य लेंगे।

# अंतिम छोर के व्यक्ति के के विकास की बात करने वाली सरकार में प्रदेश का अंतिम छोर का गांव विकास से कोसों दूर

## धीरी मुरूम के ग्रामीणों को राशन लेने तय करना पड़ रहा 65 किलोमीटर का सफर

### पीएम आवास के हितग्राहियों की राशि लेकर भागा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट जिले में लांजी क्षेत्र के वनांचलों में रहने वाली विशेष जनजाति बैगा के उत्थान और उनके जीवन निर्वाह के लिए सरकार द्वारा कई तरह की योजनाएं तो चलाई जा रही हैं, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बात करें लांजी क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र धिरी मुरूम में बैगा आदिवासी परिवारों को सरकार की योजनाओं का सही तरीके से लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनकी मिलने वाली सुविधाओं पर पंचायत के सरपंच, सचिव, ठेकेदार बट्टा लगा रहे हैं। पीएम आवास सहित कई योजनाओं के पैसों को बहला-फुसलाकर और धोखे में रखकर ऐंठ लिया गया है।



हालांकि चुनाव आते ही सभी दलों के जनप्रतिनिधि लगातार जनता से लोग लुभावने वादे तो करते है, लेकिन यह वादे धरातल पर कितने कामयाब होते हैं। उसी की एक झलक लांजी ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में देखने को मिलती है। लांजी ब्लाक के तहत आने वाली ग्राम खुर्सीटोला में विकास के नाम पर केवल कागजी दावे ही नजर आते है। यही कारण है कि खुर्सीटोला पंचायत के ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय आने 30 किलोमीटर के कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। इस कच्चे रास्ते के हालात बद से बदतर हैं। आलम यह है कि इस 30 किलोमीटर के रास्ते को तय करने में दो पहिया वाहन से भी लगभग एक घंटा लगता है। ग्राम धीरी मुरूम अपनी पक्की सड़क का इंतजार वर्षों से कर रहा है। जिसके चलते धीरी मुरूम के ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय आने के लिए छत्तीसगढ़ के ग्राम गातापार से 65 किलोमीटर रास्ते को पार करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि हजारों बार यहां जनप्रतिनिधि आए और पक्की सड़क बनाने का सिर्फ वादा कर चले गए। जिसके बाद ना तो वे आए और ना ही सड़क। ग्रामीणों के अनुसार उनका पक्का आवास तो स्वीकृत हो गया है परंतु ठेकेदार के द्वारा 3 साल बीत जाने के बाद भी हमारा मकान नहीं बनाया गया और जो राशि हमारे खाते में आई थी उसे भी ठेकेदार ने हमारे खाते से निकलवा कर खुद रख लिया। जिससे वह परेशान है। ग्रामीणों की माने तो जंगल से गांव घिरा होने के कारण जहरीले जीव-जंतुओं के घर में प्रवेश करने का हर समय खतरा बना रहता है। वहीं शेष मौसम में हिंसक वन्य जीवों के हमला करने की संभावना रहती है, लेकिन मजबूरी में वे यहां निवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि प्रशासन उन्हें आवास योजना के साथ-साथ सड़क की भी सुविधा प्रदान कर दें। तो काफी हद तक समस्या का हल हो जाएगा।

## नक्सलियों द्वारा 8 वर्ष पहले बांस से भरे सरकारी वाहनों को किया था आग के हवाले

# धीरी मुरूम में जलाए गए वाहनों के अवशेष गायब

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अति नक्सल प्रभावित ग्राम धीरी-मुरूम में वर्ष 2016 में सशस्त्र नक्सलियों द्वारा बांस से भरे 5 ट्रक जलाये गये जलाए गए थे जिसमे 3 ट्रक ठेकेदारों के और दो सरकारी ट्रक थे, ठेकेदारों द्वारा उनके जले हुए ट्रकों को ले जा लिया गया था, परंतु जले हुए सरकारी ट्रकों को वही रहने दिया गया । सूत्रों द्वारा बताया गया की दोनो सरकारी ट्रक के अवशेष गायब हो गये है। इस संबंध में हमारे द्वारा जब घटनास्थल में जाकर पड़ताल की गई तो उन जले हुए सरकारी ट्रकों के पुर्जे-पुर्जे गायब हो चुके हैं। आसपास के ग्रामीणों से जानकारी लेने पर पता चला की कुछ लोगो ने आमगांव व छत्तीसगढ़ के एक कबाड़ी को वर्षो पहले जले हुए ट्रको के अवशेष को ब्रिकी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2016 को लांजी क्षेत्र के माताघाट जो पूर्व लांजी उत्पादन बांसकूप धीरी मुरूम में बांस कूप परिवहन करने के लिये गये शासकीय ट्रक क्रमांक क्रमांक सीजीजेड 7112 और सीआईक्यू. 8409 को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया था। जिससे शासन को लाखो की आर्थिक क्षति हुई थी। उक्त घटना के बाद कुछ दिनों तक जले हुए अवशेष वही गिरे रहे, किंतु कुछ दिनो के बाद कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणो की मदद से दोनो वाहन के जले हुए अवशेषो को उठा ले गए और आमगांव के एक कबाड़ी को बेच दिये। यह मामला



पुलिस से संबंधित होने कई वर्षों तक यह मामला दबा रहा, किन्तु जब इस मामले की खोजबीन गई तो पुलिस और वन विभाग से जुड़े कुछ लोगों ने दबी जुबान से बताया कि सबंधित विभाग के कर्मचारियो ने ही दोनो ट्रेको के अवशेषो को कबाड़ी वाले को बिक्री कर दिया हैजो संदेहास्पद है। इस मामले की निष्पक्षता और बारिकी से जाचं की जाती है तो असलियत सामने आ जायेगी कि शासकीय संपत्ति को कबाड़ी में बेचने वाले कौन है? उक्त मामले में जब संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी चाही तो संबंधित विभाग अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शासन से अनुरोध की इस मामले में निष्पक्ष जांच करवाकर उन लोगों पर कार्यवाही करे जो इस मामले में संलिप्त है क्योंकि घटना शासन को लाखो रुपए का नुकसान हुआ है।

**मामले की होनी चाहिए निष्पक्ष जांच :** नक्सलियों द्वारा जब यहां पांच ट्रक जलाए गए और जिसमें से तीन ट्रकों को ठेकेदार द्वारा उनके अवशेष को ले जा लिया गया तो फिर पुलिस विभाग व वन विभाग के कार्यवाही करने के बाद बचे सरकारी दो ट्रकों के अवशेष को जप्तिनामा बनाकर अपने कब्जे में लाकर क्यों नहीं रखा गया। वही देखा जाए तो ऐसी कई घटना सामने आई जिसमें पुलिस ने यथावत कार्यवाही कर उन जले वाहनों को अपने कब्जे में लाकर रखे है ऐसे जले वाहन लांजी थाने में भी देखे जा सकते हैं। तो फिर संबंधित विभाग से ऐसी चूक क्यों हुई जिसका फायदा कुछ सालों के बाद बिचौलियों के द्वारा पूर्ण तरीके से उठाया गया।

**खबर संक्षेप**

## अमृता सिंह ने सीबीएससी परीक्षा 96% अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर संस्थान ओर नगर को गौरांवित किया



केवलारी - 13 मई 2024 को सीबीएससी परीक्षा परिणामों की घोषणा से शिक्षा के कीर्तिमान का सुयश पुनः बालिका को गया। नगर में संचालित बचपन प्ले (**CBSC**) स्कूल में अध्यनरत छात्रा अमृता सिंह पिता स्वराज सिंह बघेल पार्षद बार्ड नंबर 8 ने 10 वीं कक्षा के परिणाम में 96 प्रतिशत अंक प्राप्तकर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।उत्कृष्ट प्रर्दशन से अमृता सिंह ने माता पिता एवं गुरुओं का मान बढ़ाया है। सीबीएससी पेर्टन अंग्रेजी माध्यम में कीर्ति लेने का श्रेय बालिका ने संस्थान को दिया।

# उगली के बैंक आफ महाराष्ट्र के तत्कालीन मैनेजर व दलाल को चार साल की सजा, एक बरी

सरकार की योजना के तहत लोन लेने वाले हितग्राही की लोन की राशि में गड़बड़ी प्रकाश में आई है। बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा उगली के तत्कालीन प्रबंधक और एक दलाल को न्यायालय ने चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया है। एक अन्य आरोपित झाड़ूलाल को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मीडिया सेल प्रभारी, एडीपीओ प्रदीप कुमार भौंरे ने बताया कि उगली थाना के मलारी गांव निवासी अभितेन्द्र तेकाम ने मुख्यमंत्री निवास व ग्राम स्व रोजगार योजना के तहत जिला व्यापार उद्योग कार्यालय सिवनी से सेंट्रिंग प्लेंट के व्यवसाय के लिए चार लाख रुपये का केस तैयार कराकर लोन करवाया गया था। लोन बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा उगली ने स्वीकृत किया था। चार लाख की राशि में से अभितेन्द्र तेकाम को सिर्फ 25 हजार रुपये दिये गए और उससे कहा गया कि लोन मात्र 70 हजार रुपये का ही स्वीकृत हुआ है।

तत्कालीन बैंक आफ महाराष्ट्र उगली के ब्रांच मैनेंजर सुदीप कुमार गुहा पुत्र अजीत वरण गुहा (57) निवासी अकबर वार्ड सिवनी, दलाल



झाड़ूलाल पुत्र असाडूलाल (43) निवासी पोंडी उगली व डीहनलाल पुत्र सम्पतलाल श्रीवास्त्री (43) निवासी उगली ने प्रार्थी अभितेन्द्र तेकाम से कोरे कागज व विड्राल पर हस्ताक्षर करा राशि आहरण कर ली थी। अभितेन्द्र तेकाम ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक सिवनी के पास की थी। इसके बाद लोकायुक्त जबलपुर व थाना उगली पुलिस ने विवेचना कर आरोपितों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चालान न्यायालय खालिद मोहतरम अहमद, विशेष न्यायालय की न्यायालय में प्रस्तुत किया।

विशेष न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद ने इस मामले में 10 मई को निर्णय पारित करते हुए आरोपित सुदीप गुहा को भ्रष्टामचार निवारण अधिनियम 1988 में चार वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड व धारा 120 बी भादवि में चार वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड, डीहनलाल श्रीवास्त्री को धारा 120बी भादवि में चार वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## असामयिक बारिश से किसानों के चेहरे पर चिंता, आखिर क्या होगा मानसून सीजन में..

### तापमान में कमी से खेतों को नहीं मिल रही कड़ी धूप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अप्रेल के बाद मई में असामयिक बारिश मानसून सीजन को लेकर किसानों की चिंता बढ़ रही है। तापमान की कमी से खेतों की जमीन को कड़ी धूप नहीं मिल पा रही है। इससे खरीफ सीजन के मौसम चक्र पर असर पड़ सकता है। उनकी उम्मीदें अब केवल नौतपा पर टिकी है। पिछले दो माह से मौसम का मूड बिगड़ा पड़ा है। अप्रेल में धूप की जगह अधिकांश दिनों में बारिश, ओलावृष्टि दिखाई दी। मई में भी पिछले सप्ताह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। आसमान में छाए बादलों से तापमान में भी गिरावट आई है। इस मौसम से किसानों की बेचैनी बढ़ रही है। किसानों के मुताबिक मई की चिलचिलाती धूप और गर्मी खेत के लिए जरूरी है। इससे खरीफ सीजन की फसल का बेहतर उत्पादन आता है। असामयिक बारिश से इस सिस्टम में बाधा आ रही है। प्रगतिशील किसान का कहना है कि मई का मौसम से कृषि जगत चिंतित है। इससे खरीफ सीजन का फसल चक्र प्रभावित हो सकता है। वही किसानों की उम्मीद नौतपा पर टिकी है। नौतपा में पर्याप्त गर्मी जमीन को मिल जाए तो अगले माह जून से शुरू हो रहे खरीफ सीजन की फसल बोवाई में इसका लाभ मिल सकता है। ये गर्मी और बारिश का पूरा सिस्टम एक-दूसरे से जुड़ा है। हालांकि इस असामयिक बारिश से ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द और सब्जियों को फायदा है लेकिन खरीफ सीजन के लिए नुकसानदेह है। हम खुले मौसम की आशा कर रहे हैं।



फाईल फोटो

## पेड़ पर फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भुरकलखापा औद्योगिक क्षेत्र के सामने पेड़ पर फांसी लगाकर 37 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली कर ली। मंगलवार को सुबह शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। डूंडासिवनी थाना से मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता इंदल सिंह ठाकुर (37) निवासी करकोटी कान्हीवाड़ा भवन निर्माण ठेकेदारी का कार्य करता था तथा डूंडासिवनी स्थिति कलचुरी भवन में किराए के मकान में रह रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र बीमारी से परेशान था। बीमारी को लेकर मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान होने के चलते युवक सोमवार को दोपहर 3 बजे घर से निकला। जहां वह रात तक घर नहीं लौटा। वहीं मंगलवार को सुबह औद्योगिक क्षेत्र भोरकाल खाप के सामने नाला के पास से गुजर रहे लोगों ने कोसम के पेड़ पर धर्मेंद्र को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। जिसकी सूचना तत्काल डूंडासिवनी थाने में दी। डूंडासिवनी थाना प्रभारी किशोर वामनकर, प्रधान आरक्षक मुकेश गोडाने, प्रधान आरक्षक संजू उईके, आरक्षक कृष्ण कुमार भालेकर, आरक्षक एजाज खान मौके स्थल पर पहुंचे। पंचनामा तैयार कर मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया।

### अज्ञात सडी गली लाश खेत मे मिली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि 8 मई दोपहर करीब 3 बजे टोल नाका खवासा नेशनल हाईवे सिवनी से नागपुर जाने वाले मार्ग से करीब 100 मीटर अंदर गोपीचंद कुमरे के खेत में एक अज्ञात पुरुष की सडी गली लाश मिला जो बदन में हरी शर्ट एवं नीला जींस का पेंट का डी लगभग 5,3 इंच ऊंचाई रंग सावला है जिस पर प्रार्थी गेंदालाल बोमचेर की रिपोर्ट पर धारा 174 जा फौ एवं थाने पर असल मर्ग कायम 31/24 धारा 174 का मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है अज्ञात पुरुष जिसकी उम्र करीबन 30 साल है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। अगर कोई परिजनों पहचान की स्थिति में थाना कुरई मोबाइल नंबर 9424 358398 ,9174928359 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हवा-आंधी के साथ हुई बारिशःकई जगह गिरे पेड़

**सोमवार को सुबह से मौसम साफ होने और तेज धूप निकलने से लोग गर्मी और उमस से हलकान हुए। वहीं शाम चार बजे से मौसम में आए बदलाव के बाद आसमान पर बदली छा गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुख्यालय समेत आसपास के गांवो में सोमवार मंगलवार को शाम तेज हवा के साथ जोरदार वर्षा हुई। मुख्यालय में कुछ सेकंड चना आकार के ओले गिरे। आधे घंटे जोरदार वर्षा होने के बाद फिर मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। तेज वर्षा के कारण वातावरण में ठंडक आने से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली।

शाम होते होते मुख्यालय के साथ सुकतरा, गोपालगंज, समेत आसपास के अनेक गांवों में तेज हवा के साथ जोरदार वर्षा हुई। कई



जगह तेज हवा के कारण पेड़ गिर गए। बरघाट ब्लाक के अरी गांव में एक दिन पहले रविवार को आंधी और वर्षा के कारण कई जगह पेड़ व बिजली के पोल गिर गए।

रेंज आफिस के पास बिजली लाइन में पेड़ गिरने और गुर्रापाठा में बिजली का पोल गिर जाने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित रही।

इसके कारण ग्रामीणों को रात भर अंधेरे में रहना पड़ा। बिजली लाइन में सुधार कार्य होने के बाद सोमवार को दोपहर दो बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हुई।

तेज हवा के साथ जोरदार वर्षा होने से शहर के टैगोर वार्ड स्थित हरिजन कल्याण थाना के सामने लगा वर्षों पुराना नीलगिरी का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से बिजली के तार व खंबे टूट गए। वहीं पेड़ की साख पर सड़क किनारे खड़ी एक बाइक भी चपेट में आ गई। बीच सड़क पर पेड़ गिरने से कुछ देर सिवनी बरघाट मार्ग अवरुद्ध रहा। पेड़ को हटाने के बाद यातायात सुचारू हुआ।

## आजीविका स्वाद संगम केंटीन का शुभारंग

**जिला मुख्यालय स्थित राज्य परिवहन बस स्टैंड सिवनी में कलेक्टर क्षितिज सिंघल द्वारा आजीविका स्वाद संगम केंटीन का शुभारंभ किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





इस अवसर पर मुख्य कर्यापालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय एवं सीएलएफ के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिला प्रशासन द्वारा आजीविका स्वाद संगम केंटीन को संचालित करने वाली स्वसहायता समूहों की 05 महिलाओं का भोपाल में विविध व्यंजन बनाने का 15 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया, उपरांत मातृशक्ति संकुल स्तरीय संगठन द्वारा बस स्टैंड सिवनी में आजीविका स्वाद संगम# केंटीन संचालन हेतु संपूर्ण व्यवस्था की गई। ग्रामीण आजीविका मिशन जिला इकाई द्वारा निरंतर स्वसहायता समूहों के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनकी आमदनी को बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर नवीन गतिविधि के संचालन हेतु सहयोग प्रदान किया जाता है। उक्त केंटीन के माध्यम से यात्रियों, बस संचालकों एवं आमजनो को बस स्टेण्ड परिसर में ही विविध व्यंजनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर श्री सिंघल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री विजय द्वारा आजीविका स्वाद संगम संचालन कर्ता दीदीयों के द्वारा बनाया गया नाश्ता, जूस आदि स्वल्पाहार किया गया एवं ग्राहकों के सुविधानुरूप स्वच्छता भोजन सामग्री बनाने की बात कही गई। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक सिवनी श्री राजेन्द्र शुक्ला, जिला एवं ब्लाक की टीम, बस स्टेण्ड मैनेजर श्री मिश्रा, सहायक संचालक पशुपालन श्री शेण्डे, विकासखण्ड सिवनी के समस्त सीएलएफ के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### अंतराष्टीय विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला अस्पताल सिवनी में अंतराष्टीय विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया। इस दौरान नर्सों का सम्मान किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद नवकार ने बताया कि मरीजों को स्वस्थ करने में नर्सों की अहम भूमिका होती है। डॉक्टर मरीज को देखकर उसकी जांच रिपोर्ट देखकर इलाज करता है। लेकिन नर्स इलाज का माध्यम होती है। इंजेक्शन से लेकर बॉटल और दवाइयां खिलाने के काम निष्ठा से करती है। कोरोना काल में भी अपनी जान जोखिम में डालकर नर्सों ने बीमार लोगों को स्वस्थ करने का काम किया। इसलिए सभी को इनका सम्मान करना चाहिए।हर वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। 1820 में इसी दिन मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। यही वजह है कि इस दिन को समाज और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में नर्सों के योगदान को याद करने, इस प्रोफेशन को बढ़ावा देने और नर्सेस को सम्मान देने के मकसद से 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस ने इसे मनाने की घोषणा की थी।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने वाले वाहनों पर सक्त कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 13 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त बैठक से जुड़े।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सीएम हेल्प लाइन, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों तथा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सीईओ जनपद धनौरा द्वारा समय सीमा में कार्यवाही न करना पाया जाने पर कलेक्टर श्री सिंघल ने सीईओ धनौरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रभारी श्रम अधिकारी द्वारा संबल योजना के असफल भुगतान का पुनः वितरण करने की कार्यवाही में लापरवाही बरतना पाये जाने पर भी संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री सिंघल ने कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड को जीएडी कालोनी के निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिला परिवहन अधिकारी को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने वाले वाहनों पर सक्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को भी खुले बोरवेल तथा कुंऐ आदि में मुंडेर लगाए जाने के कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि कुपोषित वर्ग का कोई भी बच्चा छूटे नहीं, ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी में दर्ज कराया जाए तथा उपचार उपरांत भी लगातार मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## डॉ आएएस डहेरिया बने पी एच डी गाईड

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में पदस्थ प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर एस डहेरिया को राजा शंकर शाह विश्व विद्यालय छिंदवाड़ा के द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक/22358/अका/रा शं शा वि/2024 के अनुसार प्राणीशास्त्र विषय मे शोध निर्देशक नियुक्त किया है। अब डॉ डहेरिया शोधार्थियों को प्राणीशास्त्र विषय मे शोध कार्य करा सकेंगे। डॉ डहेरिया के द्वारा **Ecological studies of Amphibians their Biodiversity and Distribution** में शोध कार्य किया गया है। इनके अभी तक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल में लगभग 20 - 25 शोध पत्र प्रकाशित किये जा चुके है। डॉ डहेरिया **International Journal of Applied and Universal**



**Research** जर्नल के रिव्यु वर/सदस्य भी है इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सभी सदस्यों डॉ पूनम अहिरवार, डॉ टी पी सागर, डॉ संदीप शुक्ला, मनीषा सोनेकर, धनेन्द्र गुर्देकर, सोनू मसराम एवं राधेश्याम डेहरिया ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध वन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वनों की सुरक्षा में 24 × 7 अपनी सेवा देने बाले वन सुरक्षा समिति ज्योकि देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बन्द्ध है कि जिला बैठक परसवाड़ा में संघ के विभाग प्रमुख राजकुमार मोहारे की उपस्थिति में एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अनिमेष खरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वन सुरक्षा समिति में कार्यरत समस्त श्रमिको की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गईं जिसमे मुख्य मुद्दा 16 कर्मचारियों को बिना किसी उचित





कारण कार्य से निकाल दिया जाना रहा। इसके साथ ही वर्षो से लंबित मांगे जैसे कि वन श्रमिक इतनी भीषण गर्मी में भी 24 घण्टे वनों की रक्षा के लिए ततपर रहते है पर उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन के द्वारा कोई साधन उपलब्ध नही करवाये जा रहे और न ही किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य सुरक्षा है और न दुर्घटना होने पर किसी भी प्रकार का शासन द्वारा श्रमिको के कोई व्यवस्था नही की गई है। बैठक में निम्न में निर्णय लिया गया कि श्रमिको की समस्त न्यायोचित मांगो को शासन प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा ओर निकाले गए समस्त श्रमिको को तत्काल रूप से काम में वापस लेने ज्ञापन दिया जाएगा और मांगे पूरी नही होने पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा वन विभाग के खिलाप उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। बैठक में विशेष रूप से वन सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष यशवंत नेती जी एवं वन सुरक्षा समिति की जिला कार्यकरणी सदस्य उपस्थित रहे।

## पेंच टाइगर रिजर्व पहुंचा अधिकारियों डेरा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व में 16 वन अधिकारियों का एक दल रविवार को पहुंचा है। जो तीन दिनों तक वन और वन्यप्राणियों के अलावा कई अन्य विषयों की जानकारी प्राप्त करेगा। इस दल में शिवपुरी और ग्वालियर वन क्षेत्र के अधिकारी शामिल हैं। पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक का कहना है कि प्रदेश के जिन टाइगर रिजर्व और वन क्षेत्र में वन्यप्राणी संरक्षण और वनों के विस्तार का अच्छा काम हो रहा है, वहां की वस्तुस्थिति से अन्य वन क्षेत्र के अधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि वे भी अपने क्षेत्र में इस तरह के प्रयोग करते हुए सफल परिणाम प्राप्त कर सकें। इसी उद्देश्य से 16 वन अधिकारियों की तीन दिवस कार्यशाला हुई प्रारंभ। पेंच टाइगर रिजर्व में आए वन अधिकारियों को मुख्यतः पांच विषयों पर चर्चा व प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से पेंच में हाल के वर्षों में वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संख्या वृद्धि के लिए किए गए नवाचार, पर्यटकों के लिए की गई बेहतर व्यवस्था, कर्मियों को प्रोत्साहित कर बेहतर कार्य कराने आदि विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा अखिल भारतीय बाघ आंकलन। पुरातत्वाविक भवनों का जीर्णोद्धार। एनटीसीए के प्रोटोकॉल के अनुसार कार्य करने व पेंच के प्रोटोकॉल व वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों पर जानकारी दी जाएगी। अधिकारी पेंच टाइगर रिजर्व के कोर और बफर एरिया का भ्रमण कर यहां की स्थितियों का स्वयं भी भ्रमण कर जानकारी लेंगे।

### छपारा एवं केवलारी में हुआ श्रद्धांजली सभा का आयोजन

# कांग्रेसजनों ने स्व.श्री ठा. हरवंश सिंह जी को अश्रुपूर्ण, भावभीनी एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मंगलवार मध्यप्रदेश के गौरव महाकौशल की शान मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व-गृह,परिवहन,phe,वन ,पंचायत,जैव विविधता मंत्री एवं उत्कृष्ट मंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष,एवं मध्यप्रदेश वि.स. के उपाध्यक्ष दिवंगत नेता स्व.श्री हरवंश सिंह जी की 11 वी पुण्य तिथि के अवसर पर छपारा नगर में समस्त कांग्रेस जनों ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय छपारा में श्रद्धांजली सभा के आयोजन में उपस्थित होकर दिवंगत नेता स्व.श्री ठा.हरवंश सिंह जी को अश्रुपूर्ण ,भावभीनी एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में मरीजों को फल वितरण किया एवं सभी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ का कुशलक्षेम जाना व ईश्वर से उनके उत्तम स्वस्थ की कामना की। इस अवसर पर केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी, छपारा ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल जी, एवं सभी जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण,मोर्चा संगठन, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, सेवादल के अध्यक्ष गण एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

### केवलारी मे भी ठा.हरवंश सिंह को कांग्रेसजनां ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

मध्यप्रदेश के लोकप्रिय एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ठा.स्व.श्री हरवंश सिंह की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय केवलारी में मनाई गई। कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाष डाला। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारियां ने स्व.ठा. हरवंष सिंह के छायाचित्र पर पुश्प अर्पित कर उनके किए गए कार्यां की चर्चा। कांग्रेसजनां ने कहा कि क्षेत्र के विकास और क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण पर दादा ने बहुत काम किया। उनकी कमी क्षेत्र में हमेषा खलती रहेगी। इस अवसर कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## सीबीएसई में शासकीय विद्यालयों निजी विद्यालयों से रहे आगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। इस परीक्षा में जिले के शासकीय विद्यालयों का परिणाम बीते वर्षों से बेहतर रहा, जबकि ज्यादातर सीबीएसई मान्यता वाले निजी स्कूल परिणाम में शासकीय स्कूलों से पिछड़ गए हैं।

मुख्यालय से मंडला रोड पर स्थित ग्राम कान्हीवाड़ा के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त किया है। प्राचार्य दिलीप कुमार साहू ने बताया कि सीबीएसई 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में 100 प्रतिशत रहे हैं। कहा कि सभी विषय शिक्षकों ने शिक्षण में विशेष ध्यान दिया और विद्यार्थियों ने लगन व मेहनत से पढ़ाई की। जिससे दोनों कक्षाओं में शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं के कुल दर्ज 82 विद्यार्थियों में सभी उत्तीर्ण हुए। वहीं 12वीं के दर्ज 70 में से सभी ने सफलता पाई है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं के परीक्षा परिणाम में नवोदय विद्यालय की छात्रा रितू भारद्वाज ने 95 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया है। वहीं मोहम्मद तोशीफ खान ने 94.40 के साथ द्वितीय। जयश्री साहू व अंश टेंभरे ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पाया है। इसी तरह 12वीं के परिणाम में परी शिवहरे ने 90.40 प्रतिशत के साथ प्रथम। माही बिसेन ने 89.80 के साथ द्वितीय एवं अर्पित विश्वकर्मा ने 88 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान पाया है। जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय सिवनी के परीक्षा परिणाम से प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थी उत्साहित हैं। प्राचार्य दीपक साहू ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय में इस वर्ष 12 वीं के 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, सभी ने सफलता प्राप्त किया है। इस तरह 12वीं का परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। वहीं 10वीं में 88 परीक्षार्थियों में से 86 उत्तीर्ण हुए, दो ने पूरक की पात्रता प्राप्त की है। इस तरह 10वीं का परिणाम 97.73 प्रतिशत रहा।

केन्द्रीय विद्यालय सिवनी के 10वीं में श्रेष्ठ परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों में प्रथम अंशुमान तिवारी 97.2 प्रतिशत। द्वितीय टीना चौधरी 97.2 प्रतिशत। तृतीय नयन तिवारी 97 प्रतिशत। इसी तरह 12वीं के विद्यार्थियों में विज्ञान संकाय में प्रथम अनन्या राव भोसले 87.2 प्रतिशत। द्वितीय अनन्या ठाकरे 86.2 प्रतिशत। तृतीय स्थान स्मिता सनोडिया 85.4 प्रतिशत परिणाम रहा। वाणिज्य संकाय में प्रथम योगेन्द्र कुमार 89 प्रतिशत। द्वितीय ईशा जैन 87.4 प्रतिशत। तृतीय स्थान अनुष्का ठाकुर ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## खबर संक्षेप

### इटीपीबीएस गणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत 4 जून को मतगणना होनी है। इस सम्बंध में मंगलवार को कलेक्टर सभागृह में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में इटीपीबीएस मतों की गणना के लिए गणना पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सेवा निर्वाचकों के पोस्टल बैलट पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने की बारीकियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुभाष चन्द्र ठाकरे, जिला ई गवर्नन्स प्रबंधक विवेक मेश्राम, प्राचार्य आइटीआई आरएन सिंह उपस्थित रहे।

### 18 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंगलवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि मंगलवार को 18 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 921 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखा गया हैं। इस दौरान पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने, डीडीए राजेश खोबरागढ़े, एजी-3 विश्वेश्वर भगत, एएसआई सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, रा.भारत पार्टी से मोहन राउत, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, पीपीआईडी आरके लोन्हारे तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।

### पीजी कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग अंतर्गत एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को परियोजना कार्य के लिये 20 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण डॉ. कंचन मसराम के मार्गदर्शन में श्रीमती राजश्री जायसवाल द्वारा 4 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रदाय किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पेपरमेशी कार्य, आभूषण निर्माण एवं चॉकलेट निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही विद्यार्थियों ने रद्दी पेपर व अनेक अनुपयोगी वस्तुओं से सुन्दर-सुन्दर सजावट का सामान बनाया। रेशमी धागों का उपयोग कर गले, कान व हाथों के अनेक आभूषण बनाये। इसी प्रकार लगभग 20 प्रकार की चाकलेट बनाना एवं उसकी पैकिंग करना भी विद्यार्थियों ने सीखा। लगभग 110 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीआर. चन्देलकर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन दिया।

## उपार्जन संबंधी बैठक हुई सम्पन्न : 293 किसानों द्वारा 6111.50 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपार्जन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपार्जन संबंधी समस्त विषयों पर चर्चा की गई। जिसमे जिला आपूर्ति अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक वेअरहाउस, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता के प्रतिनिधि, एवं मंडी सचिव आदि उपस्थित रहें। बैठक के दौरान बताया गया गेंहू खरीद उपार्जन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में अव तक कुल 293 किसानों द्वारा 6111.50 क्वि. खरीदी की गयी है। जिसमें 4 सोसायटी लामता, गुडरू, मानेगाँव, उकवा द्वारा ही खरीदी अधिक मात्रा में की गयी है। वहीं 4 सोसायटियों द्वारा अमानक स्तर की गेहू की खरीदी की गयी है जिसके कारण परिवहन एवं जमा नही हो पा रहा है। जिसके मद्देनजर समस्त 4 सोसायटियों के समिति प्रबंधक एवं केन्द्र प्रभारी को एससीएन जारी की कार्यवाही के निर्देश दिये गए है।

बैठक के दौरान जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गेहूँ खरीद केन्द्र पर आज ही सर्वेयर की पदस्थापना की जावे, ताकि मानक स्तर के गेहूँ की खरीदी की जा सके। साथ ही लामता, गुडरू, मानेगाँव, उकवा में खरीदी गयी गेहूँ की मात्रा का 3 दिवस के अंदर अपग्रेड किया जाना सुनिश्चित करने के लिये भी निर्देशित किया गया। अन्यथा किसानों को भुगतान नही हो पायेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। सेवा सहकारी समिति भंडेरी प्रयास वेयरहाउस में 17 किसानों से 328 क्वि. खरीदी की गयी है। बैठक में बताया गया कि आज दिनाँक तक हेंडलिंग चालान जारी नही हुआ है जिसके अंतर्गत 17 किसानों के हेंडलिंग चालान जारी कर स्वीकृति पत्रक जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिससे किसानों को भुगतान के लिये सीपीओ आ सकें।



धान खरीदी वर्ष 2023-24 अंतर्गत 60 समितियों का खरीदी मिलान कार्य हो गया है। शेष समितियों का मिलान 7 दिवस में किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिससे समितियों को कमीशन एवं लेवर चार्ज का भुगतान शीघ्र किया जा सकें। पूर्व वर्षो में समितियों द्वारा गोदाम स्तरीय खरीदी में स्टेकिंग समितियों द्वारा की गयी थी जिसका भुगतान जिला विपणन अधिकारी को किया जाना है। लगभग 20 लाख रुपये राशि का भुगतान किया जाना है जिसके भुगतान की कार्यवाही शीघ्र की जावे। सेवा सहकारी समिति लामता द्वारा की गयी खरीदी गेहूँ अमानक स्तर का जमा किये जाने के दौरान पाया गया कि 270 क्वि. गेहूँ गोंगलई वेयरहाउस में भंडारित है। जिसका 2 दिवस में अपग्रेड किया जाकर जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। मिलिंग नीति अंतर्गत डायनेमिक ब्लेंडर स्थापित किये जाने के प्रावधान है। जिन मिलर्स द्वारा डायनेमिक ब्लेंडर मशीन नही लगायी गयी है। उन मिलर्स को धान मिलिंग के लिये डीओ जारी न किया जावें। जिला प्रबंधक एनएएन, समस्त मिलर्स का निरीक्षण एक सप्ताह के अंदर किया जाकर विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करेंगे।

## क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने में प्रयुक्त साधनों वाले वाहनों को ईटीपी जारी नही होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खनिज परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों में अतिरिक्त रूप से लगने वाले साधनों का अब उपयोग नही किया जा सकेगा। इस सम्बंध में कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले साधनों पर प्रतिबंध लगाया है। खनिज अधिकारी श्री खातरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा 11 मई को इस मामले में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित किया गया। विभाग के अवर सचिव द्वारा खनिजों के परिवहन में संलग्न वाहन, विनिर्माता (कंपनी) के द्वारा विनिर्दिष्ट मूल स्वरूप में ही कार्यरत रहें एवं वाहनों की भार क्षमता अनुसार ही खनिजों का परिवहन किया जाये तथा वाहनों में भार सामने / पीछे की ओर या ऊंचाई में या साईड से परे अनुज्ञेय सीमा से अधिक बाहर निकला होना / स्लेब/पट्टी पूरी तरह से बंद किये जाने के लिए पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है। साथ ही मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 52 में या स्पष्ट प्रावधान है कि ₹कोई मोटरयान का स्वामी मोटरयान में इस प्रकार का परिवर्तन नहीं करेगा, जिससे पंजीयन प्रमाण पत्र में दी हुई विशिष्टियां उससे भिन्न हो जाती है, जो कि मूल तौर पर विनिर्माता के द्वारा विनिर्दिष्ट की गई है। इन प्रावधानों का पालन करने के लिए जिला अंतर्गत समस्त खनि रियायतधारियों एवं रेत ठेकेदार (एम.डी.ओ.) को निर्देशित किया गया है। ऐसे वाहन जो विनिर्माता (कंपनी) के द्वारा विनिर्दिष्ट मूल स्वरूप में नहीं होकर भार सामने / पीछे की ओर या ऊंचाई में या साईड से परे अनुज्ञेय सीमा से अधिक बाहर निकला हो/ स्लेब/पट्टी लगी हो उन वाहनों में ई-टी.पी. जारी नही की जाएगी। इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जांच में यदि किसी पट्टाधारी/रेत ठेकेदार (एम.डी.ओ.) द्वारा ऐसे वाहनों में ई-टी.पी. जारी किया जाना पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जावेगी।

## लामता, परसवाड़ा, बेहर, बिरसा शाखा की हुई मासिक बैठक : सीईओ पटले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शाखा स्तर की मासिक बैठक का आयोजन 14 मई को कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा ली गई। इस दौरान शाखा लामता, परसवाड़ा, बैहर, बिरसा के शाखा प्रबंधक, सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक, समिति कर्मचारियों की बैठक आहूत की गई। श्री पटले ने कालातीत ऋण, डिमांड, लिंकिंग, कृषि और अकृषि ऋण, रबी ऋण वितरण, कामन सर्विस सेंटर, पैक्स ऑनलाइन, उपार्जन, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि कार्यों की शाखा और समिति स्तर के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, दिलीप रामटेके, अनिरुद्ध वागदे आदि उपस्थित रहे।



## विद्युत विभाग की लापरवाही या निष्क्रियता : कंजई मे हाई वोल्टेज से टी.वी, कूलर, पंखे, फ्रिज, बल्ब बेकार, हजारों में नुकसान

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

सोमवार की रात्रि तरकीबन रात्रि 11:00 के बाद ग्राम कंजई के इंदिरा कॉलोनी से लेकर दर्जनों मकान के पंखे, कूलर, फ्रिज, टीवी, बल्ब हाई वोल्टेज से उड़ गए और विद्युत की वायरिंग भी जल गई। कंजई के ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लगभग 11:00 के बाद अचानक बल्बों की रोशनी चौगुनी हो गई और पंखे कूलर भी तेज रफ्तार से चलने लगे यहां तक की बल्ब भी ब्लास्ट हो गए। पूरे मोहल्ले में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते घरों की इलेक्ट्रॉनिक चीज पूरी की पूरी तबाह हो गई। रात भर हाई वोल्टेज ही रहा विद्युत विभाग को सूचना देने के बाद भी उपभोक्ताओं की सुद तक नहीं ली गई, हम लोगों को तो डर लगने लगा था कि कहीं आग ना लग जाए। कंजई कॉलोनी निवासी ने बताया कि सोमवार की रात को लगभग 11:00 बजे के बाद अचानक ही घर के कूलर, पंखे, बल्ब हाई वोल्टेज के चलते सब जल गए, रात भर तो हमारा तो जीना दुबर हो गया है । गरीब आदमी है हम गर्मी के मौसम कलर और पंखा कहां से खरीद कर लाएंगे, कुलर के पैसे भी नहीं है। विद्युत विभाग को चाहिए कि निरीक्षण कर मुवायजा दिलाने की कृपा करें।



## 15 दिन से ट्रांसफार्मर खराब खेतों में नहीं हो पा रही सिंचाई

**कटंगी।** विद्युत विभाग के अफसरों और कर्मचारियों के ढुलमुल रवैये के चलते इन दिनों ग्राम पंचायत टुईयापार के ग्राम चोर पिंडकेपार के किसान खासे परेशान है. दरअसल, चोर पिंडकेपार में किसानों के खेतों में बिजली की सप्लाई पहुंचाने वाला ट्रांसफार्मर बीते 15 दिनों से खराब है. किसानों ने समय रहते इसकी शिकायत खैरलांजी विद्युत कार्यालय में की है किंतु समय पर शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग ने आज तक सुधार कार्य नहीं किया है और ना ही ट्रांसफार्मर बदला है. बिजली गुल होने के कारण चोर पिण्डकेपार में कई एकड़ में किसानों के खेतों में लगी गन्ना और धान की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है और फसल नष्ट होने की कगार पर आ गई है. किसान अपनी इस समस्या को लेकर ना सिर्फ बिजली विभाग में शिकायत कर रहे है बल्कि अन्य सरकारी दफ्तरों में भी शिकायत कर चुके है ताकी कहीं से भी इस समस्या का समाधान करवाया जा सकें. मगर, सुस्त सरकारी सिस्टम ग्रामीणों की सुध नहीं ले रहा है. नतीजतन सिंचाई का काम भी प्रभावित हो रहा है. किसानों का कहना है कि यदि अभी फसलों को पानी नहीं मिला तो वे खराब हो जाएगी. विकट गर्मी में मनमानी बिजली कटौती से उपभोक्ता बिलबिला रहे हैं. वहीं, फसल की सिंचाई भी बुरी तरह से प्रभावित है।

## विधायक विक्की पटेल की उपस्थिति में पुल निर्माण कार्य प्रारंभ

## पुल निर्माण में कोताही ना बरते ठेकेदार : विवेक पटेल

**अधिकारियों के साथ विधायक विक्की पटेल ने घोटी से धापेवाड़ा निर्माणधीन पुल का किया निरीक्षण**



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने मंगलवार को क्षेत्र के घोटी गाँव पहुँच कर बैनगंगा नदी पर 28 करोड़ 35 लाख रुपयों की लागत से बनने वाले पुल का अवलोकन किया। विधायक विवेक पटेल ने निर्माण कार्य में लगे एजेंसियों के कर्मियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को निर्देशित किया, वहीं पुल का अच्छा निर्माण कार्य हो ठेकेदार को ध्यान रखने को कहा। इस दौरान निर्माण एजेंसी के ठेकेदार ने विधायक पटेल को कार्य में आ रही परेशानियों के बारे अवगत कराया। जिसके बाद विधायक पटेल ने जल्द ही समस्या का निराकरण करने की बात कही। सनद रहे कि ग्राम घोटी से धापेवाड़ा तक बनने वाले इस पुल का निर्माण कार्य रायसिंग एंड कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।

**घोटी के सैकड़ों ग्रामीणजन पहुँचे थे विधायक विक्की पटेल के पास:** घोटी में बन रहे इस पुल निर्माण में कुछ ग्रामीणों के मकान जद में आ रहे थे। जिससे प्रभावित ग्रामीणजन चिंतित थे। इसी बात को लेकर बीते दिवस ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने वारासिवनी में विधायक विक्की पटेल से मुलाकात कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया था। जिसके बाद विधायक पटेल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि मकानों को किसी तरह की क्षति ना हो, पूरा प्रयास पुल निर्माण के दौरान किया जायेगा।

**विधायक ने घोटी पहुँच कर ग्रामीणों के साथ किया निरीक्षण:** जिसके बाद मंगलवार 14 मई को विधायक विक्की पटले एसडीओ अर्जुन सिंह सनोडिया को साथ लेकर घोटी गाँव पहुँचे। जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि जिन भी ग्रामीणों के घर पुल निर्माण के दायरे में आ रहे हैं, उन्हें विधि सम्मत मुआवजा शासन से तत्काल दिलवाने का प्रयास करेंगे।

### पुल निर्माण के दौरान ग्रामीणों को नहीं होगी कोई परेशानी- विवेक पटेल

विधायक श्री पटेल ने कहा कि आज से पुल निर्माण का कार्य शुरू हो रहा हैं। अधिकारियो ने मुझे मौके पर बुलवाया। मैंने ग्रामीणों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। पुल निर्माण कार्य में किसी को कोई परेशानी ना हो, इसके निर्देश दिए। वही निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता को बारीकी से देखा।

उन्होंने कहा कि पुल निर्माण में बेहतर क्वॉलिटी की सामग्री का उपयोग होना चाहिए। यदि पुल निर्माण में निर्माण एजेंसी जरा भी कोताही बरतती हैं, तो उसे कतई भी स्वीकारेंगे नहीं। विधायक श्री पटेल ने कहा कि यह पुल बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों खासतौर पर घोटी और धापेवाड़ा के ग्रामीणों को इसका बेहतर लाभ मिलेगा।

## वर्षा पूर्व विशेष सफाई अभियान में 15 वार्डो की नालियों से निकला 3 टन कचरा व मलयुक्त गंदगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी नगर की गलियों से इन दिनों मलयुक्त गंदगी और कचरा निकालने का कार्य जोरो पर है। नपा सीएमओ श्रीमती दिशा डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश से पूर्व नगर की हर गली से मलयुक्त गंदगी और कचरे को साफ करने के लिए नपा अमले द्वारा अभियान चलाया गया है। अब तक 15 वार्डो से 3 टन से अधिक मलयुक्त गंदगी को निकाला जा चुका है। साथ ही कचरे को भी नगर से बाहर किया गया है। असमय बारिश में कई नागरिकों को गलियों में नालियों से समस्या हुई है। इश्लिये जरूरी है कि बारिश से पूर्व सभी नालियों को साफ कर दिया जाए। इस पूरे कार्य मे नपा के 57 कर्मचारी और कचरा वाहन के अलावा भी कई अन्य वाहन लगे हुए है। सफाई के बाद मच्छरों से बचाने के लिए कार्बोलिक पॉवडर का छिड़काव किया गया।



### सृष्टि का सुयश

**बालाघाट।** सीबीएसई में 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जिसके अंतर्गत अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत के बल पर अच्छे अंक अर्जित किये है। इसी क्रम केन्द्रिय विद्यालय भरवेली कक्षा 12वीं में अध्ययनरत सृष्टि नंदू घरडे ने प्रथम स्थान अर्जित करते हुए 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि का श्रेय वह अपने गुरूजन के साथ माता-पिता को देते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन के अनुसार वह आगे की शिक्षा की मंजिल को निर्धारित करेगी ताकि भविष्य उनका अच्छा हो सके। उल्लेखित है कि इस वर्ष बालाघाट जिले में बहुत से बच्चों ने सीबीएसई के परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाकर जिले के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है।



**सीबीएसई ने जारी किया परीक्षा परिणाम**

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के बच्चों ने बेहतर परिणाम से किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर के भटेरा स्थित महर्षि विद्या मंदिर का परिणाम प्रतिवर्ष सफलता के आयाम छूता है और इस वर्ष भी यहां पर सीबीएसई बोर्ड 12वीं एवं 10वी के परिणाम विद्यालय के साथ ही जिले को गौरवान्वित करने वाले आए है। कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय के 32 छात्रा सम्मिलित हुए थे जिसमें से 25 छात्र उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 78 प्रतिशत रहा। इसी तरह सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 93 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 84 छात्र उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत तथा सर्वाधिक 94.6 प्रतिशत अंक छात्र रेहान खान ने हासिल किए। इसी तरह छात्रा ख्याती ठाकरे ने 90.2, कृतज्ञ बिसेन ने 90.2, हर्ष सावलानी ने 89.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी तरह 12 वीं बोर्ड परीक्षा तान्या नेवारे ने 84.2, कैरेन धुवारे ने 80.4, समिता छिपिये 80.4 एवं प्रतिक्षा मार्को ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल किए है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ही विद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



तान्या नेवारे
कैरेन धुवारे
समिता छिपिये



कृतज्ञ बिसेन
हर्ष सावलानी

**सीबीएसई परिणाम**

## वांग्मय ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार 13 मई को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं. बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल कटेधरा के छात्र ने कमाल कर दिया है. 12 वीं के छात्र वांग्मय डॉ माधुरी गिरेन्द्र पंवार ने 97.4 फीसदी अंक अर्जित कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. वहीं इसी स्कूल के 07 अन्य विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है. वांग्मय पंवार के प्रदेश में पहला स्थान आने की खबर जैसे ही कटंगी शहर के लोगों तक पहुंची. वैसे ही वांग्मय को बधाई देने के लिए लोगों का तांता उनके घर पहुंचने लगा. परीक्षा परिणाम आने के बाद जैसे ही वांग्मय को पता चला कि उन्होंने जिले में पहला स्थान हासिल किया है. वह सीधे अपने स्कूल पहुंचे. करीब 03 बजे के बाद स्थिति साफ हुई कि वांग्मय ने ना केवल जिले में बल्कि प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. गोल्डन टूलिप स्कूल के संचालक मुकेश कुमार संचेती, प्राचार्य श्वेता बघेल, प्रबंधक राजा अग्रवाल, चेयर मेन निकेश बराड़िया, अध्यक्ष शिशिर सेठिया, सचिव शुभम संचेती और ललीत ठाकुर ने वांग्मय का मुंह मीठा करते हुए स्वागत सत्कार किया. वांग्मय चिकित्सा क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है. बता दें कि वांग्मय की माता श्रीमती माधुरी पंवार और पिता गिरेन्द्र पंवार दोनों ही चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए है।



वांग्मय ने बताया कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा-दादी और गुरुजनों को दिया है. वांग्मय ने चर्चा करते हुए कहा कि साल के पहले दिन से इस परीक्षा को ध्यान में रखकर तैयारी की. परंतु परीक्षा परिणाम ने उन्हें बेहद चौंका दिया है. जिसकी उम्मीद नहीं थी उससे कई गुना अधिक बेहतर परिणाम आया है. बता दें कि वांग्मय ने कक्षा 10 वीं में अपने स्कूल में टॉप किया था. उन्हें स्कूल में जहां शिक्षकों का मार्गदर्शन मिला. वहीं घर में माता-पिता ने भी भरपूर सहयोग दिया. उन्होंने अपनी दिनचर्या का पूरा अनुशासन के साथ पालन किया. गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के विद्यार्थी सांई गेशकुमार बिसेन ने 91.7 प्रतिशत, असमी अनिल पाराशर ने 91.4 प्रतिशत, स्नेहा वीरेन्द्र जामुनपाने ने 90.4 प्रतिशत, हिमांशिका निलेश संचेती ने 90.4 प्रतिशत, शिप्रा संजय ठाकरे ने 86.6 प्रतिशत, श्रेय योगेश जोशी ने 83.8 प्रतिशत और तनिष्का दवरसिंह उइके ने 80 फीसदी अंक हासिल किए है. संस्था ने इन सभी होनहार छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर, माला पहनकर शुभकामनाएं दीं. उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नवोदय विद्यालय का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

### *जिले में 10 वीं में यशवी तुरकर व 12 वीं कामर्स में आयुष नगपुरे ने प्रथम स्थान पाया*

**वारासिवनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी का सीबीएसई का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्य रणवीर सिंग ने बताया कि कक्षा दसवीं में जिले में प्रथम स्थान पर यशवी तुरकर व कक्षा बारहवीं साइंस में जिले में द्वितीय स्थान पर मानस ठाकुर 95.4 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर कुलदीप तुरकर 95.2 प्रतिशत रहे।





बालाघाट जिले में नवोदय विद्यालय में कक्षा 12 वीं में कॉमर्स विषय में प्रथम स्थान पर आयुष नागपुरे 95.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर आयुष भोयर 94.8 प्रतिशत रहे। नवोदय विद्यालय की कक्षा 10 वीं में 83 एवं कक्षा 12 वीं कामर्स में 41 व साईंस में 34 विद्यार्थी शामिल हुए थे। यह सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और विद्यालय की कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा हैं।

वहीं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी आयुष नगपुरे ने कामर्स विषय में प्रथम स्थान हासिल करने के साथ ही एकाउंटेंसी में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय, नगर, जिले और भोपाल रीजन का नाम पूरे देश में रोशन किया हैं। प्राचार्य श्री रणवीर सिंह ने इस सफलता के लिए उपायुक्त श्रीमती मृदुला त्रिपाठी, सहायक आयुक्त श्रीमती मंजु शर्मा, श्रीमती गीतिका शर्मा का कुशल मार्गदर्शन एवम् शिक्षकों, स्टाफ़ तथा विद्यार्थियों को बधाई दी एवम् आने वाले वर्ष में भी इससे बेहतर परिणाम लाने की बात कही।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com